दिनांक 27.05.2024   समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

जल स्त्रोत संरक्षण अभियान

प्रदेश में पांच जून पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी पर्व तक जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान हर जिले में नदी, कुएं, तालाब, बावड़ियों को स्वच्छ रखने और उनके गहरीकरण से सम्बंधित काम होंगे । ये कार्य आम लोगों के सहयोग से किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान का नेतृत्व जनप्रतिनिधि करेंगे और जिला कलेक्टर गतिविधियों का समन्वय करेंगे।

खास बात यह है कि अभियान के दौरान नदियों और तालाबों से गाद या खाद के रूप में निकलने वाली मिट्टी, किसानों को खेतों में उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

जल संरचनाओं के चयन और उन्नयन कार्य में जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इन स्थलों की मोबाइल एप के माध्यम से जियो -टैगिंग भी की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ गर्म हवाओं का सिलसिला जारी है। सुबह से ही सूरज के तीखे तेवर नजर आ रहे हैं। जबकि रात को भी उमस और गर्मी का असर बना रहता है। कल रविवार को पूरा प्रदेश जमकर तपा। मौसम विभाग के मुताबिक आज रतलाम, धार-राजगढ़ में लू चलने की संभावना है। साथ ही भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत 46 जिलों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार है। राजगढ़ कल पूरे प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 46 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 10 साल में दूसरी बार सबसे ज्यादा तापमान रहा। यहां पारा 45 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले 2016 में पारा में 46 दशमलव 7 डिग्री पहुंचा था। वहीँ, इंदौर में 43 दशमलव 3 डिग्री, ग्वालियर में 45 दशमलव 6 डिग्री और जबलपुर में 43 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया।

बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान

भोपाल जिले में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए 20 दिवसीय जागरूकता अभियान 20 मई से 9 जून तक चलाया जा रहा है. इस अभियान में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ-साथ जिले में कार्यरत अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा रहा है । भोपाल जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए शहरी क्षेत्र के 15 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। इन हॉट स्पाट पर निगरानी के लिए महिला बाल विकास की क्षेत्रीय पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अन्य विभागों से मिलकर दल तैयार किया गया है। यह दल भिक्षावृत्ति करते पाये गये बच्चे और उनके परिजनों को उचित परामर्श देगा साथ ही डाटाबेस भी तैयार करेगा।

नेहरू जी पुण्यतिथि

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी। सभी नेताओं ने दिल्ली के शांति वन में स्थित नेहरू समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पंडित नेहरू को याद किया और कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

कमलनाथ आरोप

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार पर झूठी ब्रांडिंग कर अपनी पीठ थपथपाने का आरोप लगाया है। श्री नाथ ने राज्य की गिरती रैंकिंग को लेकर सोशल मिडिया साइट एक्स पर लिखा है कि शिक्षा,निवेश,महिला सुरक्षा, दलित और आदिवासी सुरक्षा के मामले में मध्य प्रदेश का रिकॉर्ड और भी खराब हो गया है। उन्होंने कहा कि चिंता की बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार इन सारे विषयों पर एकदम चुप है।

आईपीएल इनाम

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने आईपीएल के 13 वेन्यू के सभी ग्राउंड स्टाफ और पिच क्यूरेटर के लिए इनाम का ऐलान किया है। जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया है कि 10 नियमित आईपीएल मैदानों के ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को 25-25 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं 3 एक्स्ट्रा मैदानों के स्टाफ को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. जबलपुर हाईकोर्ट परिसर में स्थित मध्य प्रदेश स्टेट बार कार्यालय में सदस्यों की हुई एक बैठक में वरिष्ठ वकील राधे लाल गुप्ता को निर्विरोध मध्य प्रदेश स्टेट बार का अध्यक्ष का चुना गया।

2. गुना में लोकसभा चुनावों की मतगणना के लिए नियुक्त कर्मचारियों का प्रथम रेण्डमाईजेशन आज संपन्न हुआ।

3. आगरमालवा में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों से कल शासन के आदेश के अनुरूप लाउड स्पीकर निकालने की कार्रवाई की।

4. गुना में आज एक मिनी ट्रक पुल से नीचे गिर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।